Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 31-12-2021 अंक 101

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## जन्मदिन स्पेशल



कृष्णा प्रजापति

### अपेम अध्यक्ष श्री कृष्णा प्रजापति को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ।

# नव वर्ष में तिलैया डैम व जवाहर घाट के पिकनिक स्थलों पर उमड़ेंगे हजारों की भीड़

## जवाहर घाट तथा तिलैया डैम के पिकनिक स्थलों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर : अंचलाधिकारी

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

नव वर्ष के मौके पर चंदवारा थाना क्षेत्र के जवाहर घाट तथा तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के विभिन्न पिक. निक स्थलों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। शुक्रवार को अंचला. धिकारी रामरतन बरनवाल ने तिलैया डैम पहुंचकर विभिन्न पिकनिक स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सैलानियों से निपटने तथा वोटिंग करने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर नाविकों के साथ–साथ तिलैया डैम ओपी प्रभारी मदन मुंडा को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ज्ञात हो कि नव वर्ष के मौके पर तिलैया डैम के विभिन्न पिकनिक स्थलों पर जिले तथा राज्य भर से हजारों की संख्या में लोग जुटते हैं तथा नव वर्ष



तिलैया डैम के पिकनिक स्थलों का जांच करते अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल व अन्य

सेलिब्रेट करते हैं। इस दौरान संभावित दुर्घटनाओं की चिंता पुलिस प्रशासन को सताते रहती है। नव वर्ष में आने वाले सैलानियों ने छोटे–छोटे टुकड़ों में बंटकर तिलैया डैम के जंगलों के विभिन्न स्थानों पर डीजे के साथ खूब मौज मस्ती करते हैं। मौके पर अंचलाधिकारी रामरतन बरनवाल ने बताया कि भीड़ को देखते हुए सैलानियों के वाहनों को नीचे में ही रोका जाएगा। साथ ही साथ विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि हुड़दंगियो और शराबियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिकनिक स्थलों पर शराब ले जाना पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। मौके पर तिलैया डैम ओपी प्रभारी मदन मुंडा, एएसआई लक्ष्मण गोप सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः 01.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---चतुर्दशी तिथि
दिनः---शनिवार
नक्षत्रः---ज्येष्ठा नक्षत्र
योगः---गण्ड
करणः---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:46
सूर्यास्त : संध्या 05:14
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---वृश्चिक राशि मेंब
आज का राहूकाल दिनः---09:00 बजे से दिनः---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः-- आज मसशिवरात्री व्रत होगा।



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# सीएस ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**अपेम लाइवः बरही**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ सरजू प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ साथ कोरोना तैयारी की जायजा लिया। कोरोना को लेकर क्या तैयारी है। इसकी पूछ ताछ की । सीएस ने जीर्णोद्धार किए जा रहे अस्पताल भवन का भी जायजा लिया। पूरा परिसर घूम घूम कर हो रहे कार्यों की समीक्षा की। साथ ही निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य मे गति लाने का निर्देश दिया। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि कोरोना को लेकर पूरी तैयारी है। ऑक्सीजन सपोर्टेड कुल 40 बेड की व्यवस्था है। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के डी एस डॉ प्रकाश ज्ञानी, प्रधान सहायक पंकज कुमार, डॉ एजाज, डॉ मेराजुल एवं अनुमंडलीय अस्पताल कर अन्य कर्मी मौजूद थे।



औचक निरीक्षण करते सीएस डॉ सरयू प्रसाद

# अवैध कोयला लदा एक ट्रक जब्त, कोयला तस्कर फरार

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

सीसीएल की मगध कोल परियोजना क्षेत्र से अवैध कोयले लोड किये हुए एक ट्रक को पकडा गया है। कोयला के अवैध कारोबार में शामिल कोयला तस्करों पर स्थानीय टंडवा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को मगध परियोजना से अवैध रूप से एक ट्रक कोयला जब्त किया गया है।



जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि मगध परियोजना मे अवैध कोयला लदा एक ट्रक को जब्त किया गया है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। ट्रक नंबर जे एच 02 एजी 2360 को अवैध रूप से कोयला लादकर जाते हुए कोयला डंप के समीप पकड़ा गया है। गाड़ी का चालक तथा तस्कर मौके से फरार हो गए। तस्करों के विरुद्ध टंडवा थाना के द्वारा छापामारी अभियान निरंतर जारी है।

Mahindra
INSURANCE BROKERS
(Mahindra Group Company)
SAJHEDAARI
vikas mein bhagedari
Point of Sales Person (POSP)
POSP Code: P0007934
Mr. Krishna Prajapati
यहाँ पर सभी गाड़ियो का
Motor Insurance Two Wheelers, Private Car, Commercial Vehicles
(Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor)
किया जाता है।
LIC Micro Insurance & Health Insurance Available
Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD BARHI 825405
MO:- 7004315535,9122983300
Our Partners
ICICI Lombard, TATA AIG, Liberty General Insurance, HDFC ERGO, Future Generali, digit, care, Royal Sundaram, Oriental Insurance, New India Assurance, Chola MS
सुविधा उपलब्धः-NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## खड़ी ट्रेलर से दो नया टायर रिम सहित चोरी, थाना में आवेदन

### पेट्रोल पम्पकर्मियों पर शक, जांच में जुटी पुलिस



इसी ट्रेलर से खोला गया टायर

**अपेम लाइवः बरही**



करसो स्थित रोशन ऑटो पेट्रोल पंप के पास खड़ी ट्रेलर में लगी दो टायर रीम सहित चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत ट्रेलर संख्या एन एल01एन/3728 के मालिक सह चालक केवला चौपारण निवासी रहीम खान ने बरही थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन में उन्होंने बताया है कि उन्होंने अपनी गाड़ी 28 दिसम्बर समय लगभग एक बजे दिन को रोशन ऑटो स्टेशन पेट्रोल पंप पर पेट्रोल पंप के स्टाफ की ही निगरानी में खड़ा किया था। 29 दिसम्बर को साढ़े 11 बजे सूचना दिया जाता है कि उनके ट्रेलर से दो टायर और रीम गायब है। जब आकर पेट्रोल पंप मैनेजर से एवम स्टाफ से चोरी के वारे में पूछा तो उन्होंने संतोषजनक जबाब नही दिया। सूचक ने बताया कि 28 दिसम्बर को ही धमना से नया टायर खरीदकर लगाया था। कहा कि इसी पेट्रोल पंप पर हमेशा वे टेलर लगते रहे हैं। इसके लिए उन्होंने पार्किंग चार्ज भी देते आया है। उन्होंने यह भी कहा कि पेट्रोल पंप से टायर खुलेगा और पंप कर्मी को पता नही चलेगा, ऐसा हो ही नही सकता। उन्होंने इस कांड में पम्पकर्मियों की संलिप्ता की संदेह व्यक्त किया है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## चलकुशा में हाथियों का आतंक जारी ग्रामीणों में दहशत

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



हाथियों द्वारा ध्वस्त किया गया मकान

चलकुशा : प्रखंड के ग्राम पंचायत चलकुशा एवं पंचायत सेवाटांड के ग्राम पलमा में गुरुवार की रात हाथियों के झुंड से बिछ्डा एक हाथी ने पुरे गांव मे घुस कर इधर- उधर उतपात मचाना चालू कर दिया। इस दौरान सुदामा दास पिता स्व बाबुलाल दास का माकान तोड घर मे रखे चावल चट कर गया एवं रोहन मंडल, परमेश्वर साव, लखन मोदी, किशुन मंडल का खेत में लगे फसल आलू,नारियल पेड एवं पलमा निवासी अशोक यादव का माकान तोड़ कर नुकसान किया।जिसे देख ग्रामीण के द्वारा थाना प्रभारी को दुरभाष के माध्यम से जानकारी दिया।मौके पर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह एवं प्रधान प्रतिनिधि लखन साव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, आलोक सिंह एवं अन्य ग्रामीण के मदद से हाथी को गाँव से बाहर निकाला गया।

## अंतिम संस्कार में पहुंचे समाजसेवी संजय यादव समेत कई समाजसेवी

**अपेम लाइवः बरही**



बरही प्रखंड के दुलमहा पंचायत सिंहपुर ग्राम निवासी रामदेव यादव की माता सीता देवी जो कि कैंसर से ग्रसित थी, काफी दिनों से इलाज चल रहा था। टाटा कैंसर ह०स्पिटल इलाज चल रहा था। गुरुवार को लगभग 10:30 बजे 58 वर्ष की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। घरवालों को रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंचे समाजसेवी संजय यादव परिवार को ढांढस बंधाया और आत्मा की शांति के प्रार्थना कर अंतिम संस्कार में उपस्थित हुए। मौके पर गणेश यादव, नारायण यादव , संजय यादव चंद्रदेव यादव , बासदेव यादव, रामप्रवेश यादव, तुलसी यादव, रामसहाय यादव, मूर्ति यादव, रमाशंकर यादव, प्रिंस कुमार, अजीत कुमार, मनोज यादव, नरेश यादव, सोनू महतो, रामबृक्ष यादव , विजय यादव , अशोक रविदास, बासुदेव महतो, प्रकाश यादव आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## अम्बेडकर कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के साथ उठाया वनभोज का आनंद

**अपेम लाइवः बरही**



वनभोज मे शामिल बच्चे व शिक्षक

अंबेडकर कोचिंग सेंटर बरही के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के साथ हुंडरु फॉल पहुंचकर वनभोज का भी आनंद उठाया। सभी बच्चे हुंडरू फॉल के मनोरम दृश्य का अवलोकन कर प्राकृतिक संरचना के बारे में जानकारी ली। उसके बाद बच्चों ने बिरसा जैविक उद्यान पहुंचकर वन्य प्राणियों को देखकर रोमांचित हुए और वन्य प्राणियों से संबंधित जानकारी ली। ज्ञात हो वर्ष 1992 से यह कोचिंग सेंटर बरही में शिक्षा के क्षेत्र में आहम भूमिका निभाते हुए निरंतर चली आ रही हैं । जिसमें प्रत्येक वर्ष के अंत में छात्र छात्राओं के साथ पर्यटन सह वन भोज का कार्यक्रम करती है । शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 28 वर्षो से कोचिंग काम कर रही है। कोचिंग में उत्कृष्ट शिक्षकों के द्वारा कक्षा आठवीं से दसवीं तक संचालन किया जाता है। इस वर्ष भी इन्टर की कक्षाएं प्रारंभ की गई। मैट्रिक में अच्छे अंक से छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण होते रहे हैं । शैक्षणिक सह वनभोज कार्यक्रम में कोचिंग के प्राचार्य संजय बर्णवाल, शिक्षक मनोज घोष, संजय दुबे, आलोक कुमार ,मिथिलेश कुमार, अभिमन्यु कुमार, श्वेता कुमारी ,सोनी देवी के साथ छात्र-छात्राएं पायल कुमारी, रेशमी कुमारी,सूरज कुमार ,अनिता कुमारी, ममता कुमारी , रोशनी कुमारी, सचिन कुमार, अंजली कुमारी ,ज्योति कुमारी, खुशबू कुमारी ,फरहान, शिवानी कुमारी ,पवन कुमार, सुनीता कुमारी, प्रिया कुमारी ,ईशान्त कुमार ,सलोनी कुमारी, साक्षी कुमारी ,स्वस्तिका कुमारी, प्रिया कुमारी , सुप्रिया पांडेय, अनुपमा कुमारी, अंजली कुमारी, गायत्री कुमारी, खुशी कुमारी, शिवानी कुमार ,अभिनव कुमार , रिशु कुमार सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं शामिल




APEM LIVE

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



शहीदों के परिजनों को कंबल देते भाजपा कार्यकर्ता

ाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को खरकी पंचायत के बलकमक्का में शहीद सोहर, मोहर, केवल, साधु, सैनाथ, शनिचर महतो का शहादत दिवस श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर मनाया। इस मौके पर शहीदों की तस्वीर पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर शहीद परिवारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, बड़ी संख्या में गरीब, असहाय, वृद्ध एवं दिव्यांगों को कंबल बांटा गया। अध्यक्षता कर रहे निरंजन महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की प्राप्ति लंबे संघर्ष के बाद मिला है। प्रखंड के शहीदों के विचारों ने शोषित, वंचित एवं कम. जोर वर्ग के लोगों को साथ लेकर झारखंड आंदोलन को प्रेरित किया। आज हमें भी उनके विचारों पर चलने की जरूरत है। मौके पर मुनीलाल महतो, शंकर महतो, बासुदेव महतो, हीरामन महतो, दुलारचंद महतो, धनेश्वर महतो, किशोर महतो, पूरन महतो, हेमलाल साव, लालचंद महतो, किशुन महतो, दिनेश मंडल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आजीविका महिला ग्राम संगठन गुडियो की दीदियों ने प्रशिक्षण के बाद किया ऑफिस का उद्घटान

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के गुडियो में आ. जीविका महिला ग्राम संगठन का सात दिवसीय प्रशिक्षण समाप्ति के बाद 31 दिसंबर को गुडियो में ऑफिस का उद्घटान किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, मुखिया दशरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य कांति देवी, साजदा खातुन मुख्य रूप से मौजूद थे। साथ ही जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि आजीविका ग्राम संगठन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो के म. हलाओ को आत्मनिर्भर बन रही है।



महिला मंडल को खाताबही सौंपते मो0 क्युम

## झारखंड आंदोलनकारी की शहादत के बदले मिला अलग राज्यः शंभुलाल

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में शहीद बेदी पर श्रद्धासुमन अर्पित करते झामुमो कार्यकर्ता

झारखंड आंदोलनकारियों की शहादत के बदले आज अलग झारखंड राज्य अस्तित्व में है। झारखंड के शहीदों ने जो सपना देखा था वह आज साकार दिख रहा है। राज्य सरकार शहीदों को चिन्हित कर पेंशन एवं अन्य अतिरिक्त सुविधाएं मुहैया करा रही है। ये बातें झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव ने शुक्रवार को खरकी के बलकमक्का में आयोजित शहीद सोहर महतो, मोहर महतो, केवल महतो, बोधराम महतो, साधु महतो, सैनाथ महतो, शनिचर महतो तथा रामधनी मंडल के शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। कहा कि झारखंड अलग राज्य के संघर्ष में विष्णुगढ़ प्रखंड का अतुलनीय योगदान है। प्रखंड से कई लोगों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। झामुमो जिलाध्यक्ष ने सभी शहीद परिवारों को कंबल एवं अंगवस्त्र देकर सम्मा. नित किया। इसके पूर्व शहीद बेदी पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अन्य वक्ताओं ने भी शहीदों की वीरगाथा का बखान करते हुए झारखंड आंदोलन के बारे में अपनी बातें कही। मौके पर जिला उपाध्यक्ष देवी राम हेम्ब्रम, प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी, नीलेश पाठक, मीडिया प्रभारी संजय पटेल, राम किशोर महतो, महेन्द्र यादव, पूरन महतो, विजय, प्रकाश महतो, अनिल पटेल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## इटखोरी के मजदूर का गुजरात मे हुआ मौत, सांसद के प्रयास से शव को भेजा गया गांव

**अपेम लाइवः चतरा**
**प्रमोद सिंह**

चतरा : इटखोरी थाना के महुदा गाँव निवासी व्यास राम की मौत गुजरात मे हो गया ।व्यास राम पिता श्री टहल राम मजदूरी करने के लिए गुजरात गया था जो रविवार दोपहर किसी वाहन से दुर्घटना हो गया था। उसके बाद गुजरात अहमदाबाद सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा था जो कल 11 बजे दम तोड़ दिया।उसका शव को ठिकेदार उसका गांव लाने में असमर्थता जताया



जिसकी शिकायत गांव के सुखदेव प्रसाद दांगी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के माध्यम से चतरा माननीय सांसद डॉ सुनील सिंह को दिया गया, श्री सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए सक्रियता दिखाते हुए आज 1.30 बजे अहमदाबाद से आज शव को झारखंड के लिए भेजवा दिया गया, सांसद श्री सिंह के इस प्रयास को गाँव के लोगो ने सराहा।ग्रामीणों ने कहा कि सांसद का यह कार्य काफी प्रशंसनीय है।

## बिरनी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी थाना के अलग अलग क्षेत्रों से चंदवा थाना लातेहार जिला के पुलिस ने बिरनी पुलिस के सहयोग से आज अहले सुबह छापेमारी कर चार अपराधियों समेत स्विफ्ट डिजायर व् एक अन्य वाहन के गिरफ्तार किया है। पड़के गए अपराधियों में से भरकट्टा निवासी भोलू साव, झारखी निवासी बसीर अंसारी, मकबूल अंसारी तथा पडरमणियाँ निवासी रोहित मंडल, को स्विफ्ट डिजाइन के साथ गिरफ्तार किया गया। घटना के सम्बंध में बताया जा है कि बीते 24 दिसम्बर लातेहार जिला के चंदवा घाटी में भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल से भरा टैंकर को लूट लिया गया था। इस संदर्भ में चंदवा पुलिस ने कांड संख्या 160/21 तथा धारा 392 भा0द0वी0 अंतर्गत बिरनी पुलिस के सहयोग से चारों अपराधियों को गिरफ्तार किया। घटना की पुष्टि बिरनी थाना प्रभारी शर्मानंद सिंह ने किया। नाम नहीं प्रकाशित करने के के शर्त में चंदवा पुलिस बताया । इस पेट्रोलियम लूटपाट की घटना में अन्य अपराधियों की संलिप्तता बताई जा रही है ।जिसकी तलाश अभी जारी है। बिरनी से पकड़े गए चारों अपराधियों का पूर्व में भी कई आपराधिक घटनाओं संलिप्तता है।




सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सूर्य की करने जब हरियोखार जलप्रपात की झरना पर पड़ती है तो बिखेरती है सतरंगी छटा

### नशा में नववर्ष को न होने दें किरकिरा : सीओ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



नया वर्ष में नए साल की मजा लेना है तो आइए हरियोखार जलप्रपात जहाँ की हसीन वादियाँ मानो सैलानियों के स्वागत में झूम रही है उस तरह झरना का दृश्य लगता है।हरियोखार जलप्रपात में जब सुबह का उगता हुआ सूर्य की रौशनी ढाई सौ से तीन सौ ऊपर से पहाड़ और पत्थरों के बीच से गिरता झरना पर पड़ता है तो सतरंगी छटा बिखेरने लगति है।एक जनवरी को दूर दराज से लोग लये वर्ष का जश्न मनाने ऊक्त झरना में आते हैं।वहीं तमासिन और हरियोखार जलप्रपात में ।तमाशीन विकास समिती तुलबुल,के द्वारा आने वाले सभी सैलानियों को स्वागत के लिए तैयार है सैलानियों को किसी प्रकार का दिकत ना हो इसके लिए स्थानीय राजपुर पुलिस भी रहेगी मौजूद

**हरिओखार जलप्रपात एवं तमाशीन जलप्रपात पहुंचने का मुख्य रास्ता** मेन रोड चौपरण से इट्खोरी, तथा हजारीबाग से इट्खोरी भद्राकाली मंदिर होते तमाशीन एवं हरिओखार जलप्रापत पर आसानी से पहुंच सकते है तथा चतरा जिला मुख्यालय से सीधा 35 किलोमीटर है तमाशीन जलप्रपात,40 झड है हरिओखार जलप्रपात से उटा मोड़ 8 किलोमीटर, पाण्डेमहुवा, पीतिज से उतर दिशा करमा मोड़ कान्हाचट्टी प्रखंड मुख्यालय 15 किलोमीटर और कान्हाचट्टी से 12 किलोमीटर तमाशीन जलप्रपात है, बिच में करमा मोड़ गेट मिलेगा वहाँ से 5किलोमीटर दुरी पर है हरिओखार जलप्रपात जाने के लिए सीधा उतर दिशा में केंदुवा सहोर गाँव से होकर जा सकते है,नहीं तो जसपुर गाँव जो पहले पड़ेगा वहाँ से भी पूरब दिशा होकर जलप्रपात पर आसानी से पहुंच सकते है

**सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजाम :** थाना प्रभारी रा. जपुर मुकेश कुमार ने कहा कि तमासिन और हरियोखार जलप्रपात में परिवार के साथ आकर नए वर्ष की खुशी मनाएं।यदि कोई इस बीच हुड़दंग करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

**नशा के आगोश में न समाएँ सैलानी, खुशी को न बदलने दें गम में : सीओ–** नए वर्ष की खुशी को खुशी के रूप में मनाएं,कहीं शराब की नशे में खुशी को गम में न बदल दें।ऊक्त बाते सी ओ सह बी डी ओ हुलास महतो ने कही।उन्होंने तमासिन और हरियोखार नव वर्ष में खुशी मनाने के लिए आने वालों से कहा है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं।

**समिति सदस्य ने करमा मोड़ में लगाया तोरण द्वार–** नव वर्ष के मंगलमय कहने के लिए बेंगोकला पंचायत समिति सदस्य कुलेश्वर सिंह भोक्ता ने करमा मोड़ के पास तोरण द्वार लगाकर लोगो को नव वर्ष की मंगलकामना दिए हैं उन्होंने कहा कि नए शाल की खुशी शराब के साथ न मनाएं बल्कि सादा खान पान के साथ नए शाल की शुरुआत करें। तमासिन और हरियोखार विकास समिति भी है तत्पररू–इन दोनों झरनों में नए वर्ष की आनंद लेने वालों सैलानियों को दिक्कत न हो इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने भी एक एक समिति बनाई है।हरियोखार विकास समिति के नरेश सिंह खरवार ने कहा कि हरियोखार में वाहन पड़ाव की भी ब्यवस्था है। एक जनवरी को सुरक्षा के देखते हुए पुलिस ने किया वाहन जांच रू– नए वर्ष में दुर्घट्ना कम करने के लिए राजपुर पुलिस की एक नई पहल आई है जिसमे शुक्रवार को एस आई विकास कुमार यादव के नेतृत्व में तुलबुल तमा. सिन में वाहन जांच किया गया।श्री यादव ने कहा कि जांच होगा तो लोग कम शराब के नशा में होंगे और जब कम नशा करेंगे तो दुर्घटना नहीं होगी।

**दुर्घटना के मद्दे नजर एम्ब. लेंस की रहेगी ब्यवस्था** तमासिन और हरियोखार में भीड़ जिस कदर लगती है उसे देखते हुए कान्हाचट्टी अस्पताल में एम्बुलेंस की ब्यवस्था रहेगी,तथा अस्पताल में चिकित्सक भी रहेंगे।प्रभारी चिकित्सा प्रभारी आदित्य शेखर ने कहा कि कान्हाचट्टी अस्पताल में एक जनवरी को डॉक्टर की एक टीम मौजूद रहेंगी।

## पीरटांड़ प्रखंड के कुम्हारलालो पंचायत में आईपीएल के तर्ज पर कुम्हारलालो प्रामरी लीग करवाया

**अपेम लाइव : गरिडीह / मुफस्सिल**
**प्रमोद कुमार**




पीरटांड़ प्रखंड के कुम्हारलालो पंचायत में आईपीएल के तर्ज पर कुम्हारलालो प्रामरी लीग करवा गया। जिसमे 6 टीम ने भाग लिया ।प्रत्येक टीम को यहाँ के 6 मुखिया प्रताशियो के द्वारा खरीदा गया। जिसमे कुम्हारलालो के मुखिया सुभाष वर्णवाल ने फीता काटकर ,खेल का शुरुवात किया। इस क्रिकेट खेल संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव ने इसकी जानकारी दी कि यह क्रिकेट का खेल 31 दि. सम्बर यानी पुराने साल जाने के लिए अंतिम विदाई और 1 जनवरी यानी नए साल की आगमन की स्वागत के लिए इस प्रकार की खेल खेलवाते है। जिससे गांव ग्रामीण से भी बच्चो में निखर आवे और खेल के प्रति जागरूक हो । तथा इस प्लेटफार्म से पीरटांड़ से भी अच्छे खिलाड़ी खो. जने के लिए प्रतिभा मंच भी है। मौके पर राजेंद्र श्रीवास्तव (अध्यक्ष), राजेश वर्मा, गौतम रजक, पप्पू शर्मा, संजीत सिन्हा (कमेंटेटर) मुकेश यादव, करणवीर पांडा, (एम्पायर), भोला पाठक , छोटी, उपेंद्र, नीरू साव, अजीत, संदीप, आजादी रिंकू आदि उपस्तिथि थे।

## मां डबरसैनी शक्तिपीठ विकास समिति का हुआ गठ्न

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड के मा डबरसैनी प्रांगण में दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ द्वारा काफी प्रयास से मा डबरसैनी शक्तिपीठ को सरकार के विकास और पर्यटन क्षेत्र की ओर ध्यान आकर्षित कराया था जिससे राज्य पर्यटन स्थल के रूप में शामिल हो गया विभाग के द्वारा मां डबरसैनी विकास संबंधी पारूप बनाकर पदाधिकारियों द्वारा जिला और प्रदेश में पर्यट्क विभाग को भेज दिया गया जिससे लोगों में काफी खुशियां तो है ही और उसी को लेकर आज मां डबरसैनी शक्ति पीठ के अगल–बगल गांव से सैकड़ों की संख्या में एक सोसाइटी गठन करने के लिए जमा हुए जिसमें नए साल आगमन को देखते हुए साथ में खिचड़ी का प्रोग्राम रखा गया था सभी वक्ताओं व समाजसेवियों ने एक साथ कहा कि मां डबरसैनी शक्तिपीठ विकास समिति का गठ्न हो जाने से यहां के यात्रियों और पर्यटन प्रेमियों को किसी भी तरह से परेशानी नहीं होगा साथ ही पर्यट्न क्षेत्र को विकास करने में सहयोगी बनेंगे जो आज 26 सदस्य कमेटी का गठ्न किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद उपाध्यक्ष श्री दयानंद राम श्रीमती बबीता देवी संरक्षक बालेसर विश्वकर्मा उप संरक्षक प्रकाश सिन्हा सचिव रामकृष्ण वर्मा उप सचिव संतोष साव उपस. चिव काली साव कोषाअध्यक्ष पवन विश्वकर्मा संगठ्न मंत्री राजेश कुमार वर्मा उप. संगठ्न मंत्री श्री सुरेश दास कार्यकारिणी सदस्य में सुधीर प्रसाद वर्मा दिलीप कुमार रजक संदीप साव चंद्रिका महतो ललिता देवी मिथिलेश कुमार वर्मा प्रकाश वर्मा भरत राय गुंजन सिन्हा मिथिलेश कुमार सिन्हा को बनाया गया






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## वनाधिकार समिति की ग्राम सभा में अडानी कंपनी का ग्रामीणों ने किया विरोध

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



ग्राम सभा में बैठे ग्रामीण

बड़कागांव अंचल अधिकारी बड़कागाँव के पत्रांक संख्या 1006 एवं 1007 दिनांक 23 दिसंबर के आलोक में ग्राम गाली मे ग्रामीणों एवं वनाधिकार समिति की ग्रामसभा बलदेव गंझु की अध्यक्षता में आहूत की गई। मौके पर उपस्थित ग्रामिणों ने ग्राम गाली में खाता संख्या– 36 वनाधिकार भूमी पर अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड गोन्दलपुरा कोयला खनन क्षेत्र में निर्माण एवं उत्खनन कार्य का तख्ती लेकर विरोध किया। उक्त ग्राम सभा में उपस्थित अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक के समक्ष आपत्ती आवेदन दिया गया। साथ ही ग्रामीणों ने मांग किया के नाबार्ड के द्वारा जो सर्वे कार्य किया गया है उसे रद्द किया जाए। हाथों में तख्तियां लिए –हमारा गांव हमारा अधिकार, सर्वे कार्य रद्द करो, आदि नारों से ग्रामीणों ने विरोध किया। मौके पर अंचल निरीक्षक अनुज कुमार, राजस्व कर्मचारी अशोक कुमार पांडे, राजस्व कर्मचारी मोहम्मद आरिफ, आमीन ब्रह्मदेव महतो, सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, पुनिया देवी, देवन्ती देवी, गीता देवी, भुईयाँ, दीपक दास, इंद्रदेव, फलेन्द्र गझू,बासुदेव भुईयां, जगदेव भुइयां, दिलीप कुमार, प्रभु भुईयाँ, रघुनाथ गझू, भुवनेश्वर गझूं, सिताराम गझूं, हेमराज यादव, बासुदेव यादव, बिंदेश्वर गंझु सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।




## पुराने साल को विदा करते हुए, नये साल को नई उम्मीदों के साथ बिरनी वासीयों को बहुत बहुत बधाई

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



सीताराम सिंह
भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य झारखंड
सह-बिरनी प्रखण्ड सचिव,पूर्व प्रमुख बिरनी

पुराने साल में बिरनी के लोगों ने बहुत सारा उतार चढ़ाव को देखा समझा महसूस किया पिछले साल जब कोरेना के कारण पूरे समाज में उथल पुथल का दौर चल रहा था।प्रवासी मजदूर भाई हजारों हजार नोजवान जहाँ एक तरफ हजारों किलोमीटर पैदल चलकर स्वास्थ्य चिकित्सा को ध्वस्त होते हुए देखा रोजगार सृजन का आश लगाये हुए रहा वहीं केंद्र सरकार, राज्य सरकार इसे हल करने में फिसड्डी साबित हुई।सितम्बर माह का अनाज गरीबों को नसीब नही हुआ।मनरेगा योजना सफेद हाथी बनकर रह गया।मनरेगा मजदूरों का मजदूरी दर बहुत कम रहा। गरीब के बच्चे शिक्षा से महरूम रह गये गरीब के बच्चों को कैसे शिक्षा उपलब्ध कराई जाय इस पर न् ही केंद्र सरकार न् ही राज्य सरकार गम्भीर रही शिक्षा व्यवस्था चौपट होते हुए लोगों ने नजदीक से देखा। इसी कोरेना के दौर में केंद्र सरकार ने तीन काला कृषि कानून लाकर किसानों को लगभग एक वर्ष तक आंदोलन करने पर विवश किया 700 सौ किसानों ने अपनी शहादत देकर आंदोलन को ऐतिहासिक बनाया और अन्ततः मोदी सरकार को झुका कर काला कृषि कानून वापस कराने में कामयाब हुआ।और दुनिया को सिखाया कि आंदोलन है संकल्प है तो तानाशाह मोदी सरकार को भी झुकाना मुमकिन है। उम्मीद है कि नये साल में इन तमाम समस्याओं पर काबू पाकर केंद्र सरकार राज्य सरकार महंगाई पर नियंत्रण कर रोजगार सृजन कर स्वास्थ्य चिकित्सा व्यवस्था को ठीक कर गरीब के बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था बहाल कर मजदूरों के मजदूरी का इजाफा कर ग्रामीण गरीबों के राशन को सही समय पर उपलब्ध करा कर सभी के जीवन में खुशियां लायेगीं।अपराध पर नियंत्रण कर कानून व्यवस्था का राज स्थापित करेगी।छोटे छोटे दुकानदारों व्यवसायियों के जिंदगी में खुशहाली लायेगीं लोकतंत्र के चौथा स्तम्भ पत्रकारों को सुरक्षा उपलब्ध कराकर भय मुक्त माहौल का अवसर देकर लोकतंत्र को जिंदा रखेगी। नई किरण, नई उम्मीदों के साथ सबके जीवन में खुशहाली की कामना करता हूँ।

## उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा ने पोलटेक्निक कॉलेज, कठौतिया का किया निरीक्षण

### 300 बेड युक्त कोविड केयर सेंटर का शत प्रतिशत संचालन करने के दिए निर्देश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



चतरा – उपायुक्त अंजली यादव के निर्देश पर आज अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, मुमताज अंसारी द्वारा चतरा प्रखंड के पाराडीह पंचायत स्थित पोलटेक्निक क०लेज, कठौतिया में बने सरकारी कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण किया गया। बढ़ते कोविड संक्रमण के मामलों को देखते हुए 300 बेड की क्षमता वाले कोविड केयर सेंटर का शत प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा दिया गया। जिससे जिले में कोरोना संक्रमण के रोक. थाम एवं संक्रमण की पुष्टि वाले मरीजों को सरकारी कोविड केयर सेंटर में रख कर उचित इलाज मुहैया कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बेड की व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था, शौचालयों की सफाई, विद्युतीकरण, चिकित्सकों की नियुक्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं समेत अन्य जरूरी व्यवस्थओं को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी संग मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा, गणेश रजक, चिकित्सक, ड० सौरव समेत अन्य मौजूद थे।

